डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्रीड़ा–परिषद्, अयोध्या (उ0प्र0)

Dr. R. L. Avadh University Sports Council, Ayodhya (U.P.)

पत्रांक : अ0वि0वि0 / क्रीड़ा / 25 / 2023

दिनांक : 17 जुलाई, 2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / क्रीड़ा प्रभारी,
सम्बद्ध डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।

महोदय / महोदया,

विगत सत्र 2022–23 आप सभी के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ इसलिए आप सभी के प्रति आभारी हूँ एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

माननीय कुलपति जी ने मुझे यह कहने का निर्देश दिया है कि आगामी सत्र में कम से कम तीन अन्तर्महाविद्यालयीय खेलों में आपके महाविद्यालय के खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार आपके महाविद्यालय की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। सत्र 2023–24 में क्रीड़ा–परिषद् द्वारा बनाये जाने वाला अन्तर्महाविद्यालय स्पोर्ट्स कैलेण्डर के सन्दर्भ में आपसे निवेदन करना है कि –

आप निम्नलिखित खेलों में से किसी 3 खेलों का नाम वरीयता क्रम में लिखकर भेजें, ताकि आपके महाविद्यालय में आपके द्वारा उस खेल की अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिता आयोजित की जा सके। आपके द्वारा प्रेषित इन खेलों में से कोई न कोई खेल आपके महाविद्यालय को आयोजित करने का सुअवसर देने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा।

खेलों के नाम		
1. वॉलीबाल (पुरूष)	15. फुटबॉल (पुरूष)	29. किक बाक्सिंग (पुरूष एवं महिला)
2. वॉलीबाल (महिला)	16. फुटबॉल (महिला)	30. पॉवर लिफ्टिंग (पुरूष एवं महिला)
3. बास्केटबाल (पुरूष)	17. कुश्ती (पुरूष एवं महिला)	31. वेट लिफ्टिंग (पुरूष एवं महिला)
4. बास्केटबाल (महिला)	18. शतरंज (पुरूष एवं महिला)	32. योगा (पुरूष एवं महिला)
5. खो–खो (पुरूष)	19. बैडमिन्टन (पुरूष एवं महिला)	33. कराटे (पुरूष एवं महिला)
6. खो–खो (महिला)	20. एथलेटिक्स (पुरूष एवं महिला)	34. क्वान कि डो (पुरूष एवं महिला)
7. हैण्डबाल (पुरूष)	21. तैराकी (पुरूष एवं महिला)	35. सिक्स ए साइड क्रिकेट (पुरूष एवं महिला)
8. हैण्डबाल (महिला)	22. शूटिंग (पुरूष एवं महिला)	36. जिमनास्टिक (पुरूष एवं महिला)
9. हॉकी (पुरूष)	23. ताइक्वाण्डो (पुरूष एवं महिला)	37. ड्राप रोबॉल (पुरूष एवं महिला)
10. हॉकी (महिला)	24. जूडो (पुरूष एवं महिला)	38. साइक्लिंग रोड (पुरूष एवं महिला)
11. क्रिकेट (पुरूष)	25. क्रास–कन्ट्री (पुरूष एवं महिला)	39. फेंसिंग (पुरूष एवं महिला)
12. क्रिकेट (महिला)	26. टेबुल–टेनिस (पुरूष एवं महिला)	40. नेटबाल (पुरूष एवं महिला)
13. कबड्डी (पुरूष)	27. आर्चरी (पुरूष एवं महिला)	41. साफ्टबाल (पुरूष एवं महिला)
14. कबड्डी (महिला)	28. बॉक्सिंग (पुरूष एवं महिला)	42. बेसबाल (पुरूष एवं महिला)

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त आयोजन सम्बन्धित सूचना दिनांक : 31 जुलाई, 2023 तक अवश्य भेजने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीय

/

(डॉ0 आशीष प्रताप सिंह)
सचिव, क्रीड़ा परिषद्

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. अध्यक्ष, क्रीड़ा–परिषद (कुलपति महोदया), डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
2. उपाध्यक्ष, क्रीड़ा–परिषद्, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
3. वित्त अधिकारी (कोषाध्यक्ष, क्रीड़ा–परिषद्), डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
4. कुल सचिव, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या।
5. प्रोग्रामर, ईडीपी सेल, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को महाविद्यालयों के लॉगिन पर भेजने एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
6. पत्रावली।

A. P. Singh

(डॉ0 आशीष प्रताप सिंह)
सचिव, क्रीड़ा परिषद्